सांध्य दैनिक
आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel
# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट
DGR Detective Group Report
सतर्क रहें-सजग रहें अभियान
www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com
वर्ष : 11 अंक : 330 | इंदौर, बुधवार 17 जून, 2026 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

वडोदरा में भीषण सड़क हादसा

## बस ने ट्रक को मारी टक्कर, छह की मौत, 20 घायल

**वडोदरा, (एजेंसी)** वडोदरा में भीषण सड़क हादसा हुआ है। बस और ट्रक की भिड़ंत में छह लोगों की मौत हो गई, जबकि 20 घायल हुए हैं। पुलिस ने बताया कि यह हादसा वडोदरा-हालोल राजमार्ग पर कोटंबी गांव के पास बुधवार सुबह करीब 4 बजे हुआ। राजस्थान से गुजरात के सूरत जा रही एक लग्जरी बस ने खड़े ट्रक के पिछले हिस्से में टक्कर मारी।

हादसे के संबंध में वडोदरा जिला पुलिस अधीक्षक सुशील अग्रवाल ने इस घटना की जानकारी दी। अग्रवाल ने बताया कि ट्रक सड़क किनारे खड़ा था और उसका चालक टायर का दबाव जांच रहा था। तभी तेज रफ्तार बस ने उसे पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि बस का अगला हिस्सा पूरी तरह कुचल गया और बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। इस हादसे में छह लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। करीब 20 अन्य यात्री गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें तुरंत अस्पतालों में भर्ती कराया गया। बस में यात्रा कर रहे अधिकांश यात्री राजस्थान के थे।

जारोद पुलिस स्टेशन के कर्मी दुर्घटना की सूचना मिलते ही तत्काल मौके पर पहुंचे। उन्होंने घायलों को निकालने और बचाव अभियान शुरू किया। बस को हुए भारी नुकसान को देखते हुए राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल (एनडीआरएफ) की टीमों को भी बुलाया गया। एनडीआरएफ के जवानों ने बचाव प्रयासों में सक्रिय रूप से सहायता की।

## आधार कार्ड का इस्तेमाल सिर्फ पहचान के लिए हो



**नई दिल्ली, (एजेंसी)** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को केंद्र और राज्यों से उस याचिका पर जवाब मांगा जिसमें आरोप लगाया गया है कि आधार कार्ड का इस्तेमाल नागरिकता, मूल निवास और पते के सबूत के तौर पर गलत तरीके से किया जा रहा है। याचिका में मांग की गई है कि इसके इस्तेमाल को सिर्फ पहचान की पुष्टि (आइडेंटिटी वेरिफिकेशन) तक ही सीमित रखने के निर्देश दिए जाएं। CJI सूर्यकांत और जस्टिस वी. मोहना की बेंच ने वकील अश्विनी कुमार उपाध्याय की याचिका पर केंद्र, सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को नोटिस जारी किया। याचिका में केंद्र, राज्यों और चुनाव आयोग को निर्देश देने की मांग की गई है कि यह सुनिश्चित किया जाए कि आधार का इस्तेमाल सिर्फ पहचान के सबूत के तौर पर हो, न कि नागरिकता, मूल निवास, पते और जन्म तिथि के सबूत के तौर पर।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव की अध्यक्षता में मंत्रि-परिषद की बैठक में लिए गए निर्णय

# बुनियादी ढांचे, स्वास्थ्य सेवाएं और जन-कल्याण के लिए 24 हजार 200 करोड़ रूपए की स्वीकृति

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में मंगलवार को मंत्रि-परिषद की बैठक मंत्रालय में हुई। बैठक में मध्यप्रदेश के बुनियादी ढांचे और जन-कल्याण को बड़ी रफ्तार देते हुए कुल 24,200 करोड़ रुपये के प्रस्तावों को मंजूरी दी गई है। इंदौर मेट्रो रेल परियोजना के लिए अतिरिक्त वित्त पोषण सहित कुल 19,472 करोड़ 29 लाख रुपये का पुनरीक्षित बजट स्वीकृत किया गया।**

राज्य में विश्वस्तरीय सुपर-स्पेशियलिटी चिकित्सा सुविधाओं को बढ़ाने और परोपकारी निवेश को प्रोत्साहित करने के लिए 'मेगा स्वास्थ्य सेवा अधोसंरचना प्रोत्साहन नीति 2026 लागू करने के प्रस्ताव पर मंत्रि-परिषद ने 5 सदस्यीय मंत्रि-मण्डल उप समिति का गठन किया है। समिति सभी संबंधित पहलुओं का अध्ययन कर रिपोर्ट देगी। मंत्रि-परिषद ने ग्रामीण स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने के लिए रीवा, देवास और गुना के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों को आउटसोर्स मॉडल पर चलाने का पायलट प्रोजेक्ट भी मंजूर किया गया। वन्य-प्राणी संरक्षण और संवेदनशील क्षेत्रों के 94 गांवों के विस्थापन व मुआवजे के लिए 16वें वित्त आयोग की अवधि 2026-2031 के तहत 2 हजार 381 करोड़ 15 लाख रुपये आवंटित किए हैं। सामाजिक और आर्थिक समावेशन को बढ़ावा देते हुए जनजातीय विद्यार्थियों की शैक्षणिक व आवासीय सुविधाओं के लिए 687 करोड़ रुपये और स्थानीय स्तर पर रोजगार बढ़ाने के उद्देश्य से रेशम उत्पादन की विभिन्न योजनाओं के लिए 639 करोड़ 25 लाख रुपये की मंजूरी दी गई है। मंत्रि-परिषद द्वारा श्रम कानूनों के प्रभावी क्रियान्वयन,औद्योगिक सुरक्षा और श्रमिक कल्याण योजनाओं के सुचारू संचालन के लिए 531 करोड़ 78 लाख रुपये तथा स्थानीय निकायों के वित्तीय प्रबंधन व ऑडिट व्यवस्था को दुरुस्त रखने के लिए स्थानीय निधि संपरीक्षा के संचालन के लिए 492 करोड़ 45 लाख रुपये स्वीकृत किए गए हैं। यह सभी निर्णय आगामी पांच वर्षों में मध्यप्रदेश के समग्र, समावेशी और सतत विकास को सुनिश्चित करने की दिशा में बड़ी पहल है।



### इंदौर मेट्रो रेल परियोजना के लिए 19 हजार 472 करोड़ 29 लाख रूपए की मंजूरी

मंत्रि-परिषद ने इंदौर मेट्रो रेल परियोजना की मूल लागत 7 हजार 500.80 करोड़ रूपये में 5 हजार 388.58 करोड़ रूपये की अतिरिक्त लागत जोड़कर पुनरीक्षित लागत 12 हजार 889.38 करोड़ रूपये की स्वीकृति प्रदान की है। इसके अतिरिक्त उद्योग के स्वीकृत मानदंडों के अनुसार परियोजना के लिए अतिरिक्त वित्त पोषण पीपीपी घटक एवं आंतरिक ऋण के प्रभाव को सम्मिलित करते हुए 6 हजार 582.91 करोड़ रूपये की स्वीकृति प्रदान की गई है। इस तरह कुल 19 हजार 472 करोड़ 29 लाख रूपये की स्वीकृति प्रदान की गई है। अतिरिक्त वित पोषण में भारत शासन और मध्यप्रदेश शासन द्वारा 1,696 करोड़ 74 लाख रूपये की अतिरिक्त इक्विटी और केन्द्रीय करों के लिए 214 करोड़ 64 लाख रूपये का अतिरिक्त अधीनस्थ ऋण, वित्त पोषण एजेंसी बैंकों से ऋण निधि के विरुद्ध 3,496 करोड़ 15 लाख रूपये का अतिरिक्त पीटीए/आंतरिक ऋण, मध्यप्रदेश शासन से राज्य करों के लिए 656 करोड़ 96 लाख रूपये एवं आईडीसीकी लागत के लिए 518 करोड़ 42 लाख रूपये का अतिरिक्त ऋण शामिल है।

स्कूल चले हम अभियान के तहत बाल विनय मंदिर पहुंचे कलेक्टर श्री शिवम वर्मा

# विद्यार्थियों से किया सीधा संवाद, सफलता, करियर निर्माण और नेतृत्व क्षमता के बताए गुर

- कलेक्टर श्री वर्मा ने कहा सफलता के लिए कम्युनिकेशन स्किल, कला और निरंतर सीखने की आदत जरूरी



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (म्प्र)

**इंदौर।** स्कूल चले हम अभियान के अंतर्गत कलेक्टर श्री शिवम वर्मा आज शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय बाल विनय मंदिर पहुँचे। यहाँ उन्होंने नवप्रवेशित विद्यार्थियों का स्वागत किया। बच्चों से सीधा संवाद किया और उन्हें स्कूल बैग, वाटर बॉटल सहित अन्य जरूरी सामग्री वितरित की। उन्होंने बच्चों को उनके शैक्षणिक जीवन की नई शुरुआत के लिए शुभकामनाएं दी और उनके उज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर आयोजित संवाद कार्यक्रम में कलेक्टर श्री वर्मा ने विद्यार्थियों से खुलकर चर्चा की और उन्हें सफलता, नेतृत्व क्षमता, कला, करियर निर्माण तथा बदलती तकनीक के साथ स्वयं को निरंतर अपडेट रखने के संबंध में महत्वपूर्ण मार्गदर्शन दिया।

संवाद के दौरान कलेक्टर श्री वर्मा ने कहा कि जीवन में सफलता प्राप्त करने के लिए केवल अकादमिक शिक्षा ही पर्याप्त नहीं होती, बल्कि प्रभावी संवाद कौशल (कम्युनिकेशन स्किल) और नेतृत्व क्षमता भी उतनी ही महत्वपूर्ण होती है। उन्होंने कहा कि एक अच्छा लीडर वही होता है जो अपने साथ काम करने वाले लोगों के लक्ष्य, उनकी आवश्यकताओं और उनकी सोच को समझकर उन्हें प्रेरित कर सके तथा सही दिशा दिखा सके।

उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि स्कूल केवल पढ़ाई का केंद्र नहीं है, बल्कि यह जीवन के अनेक महत्वपूर्ण कौशल सीखने का मंच भी है। मित्रों, शिक्षकों और सहपाठियों के साथ संवाद करते हुए बच्चों में आत्मविश्वास, अभिव्यक्ति क्षमता, टीमवर्क और नेतृत्व जैसे गुण विकसित होते हैं, जो आगे चलकर उनके व्यक्तित्व निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कलेक्टर श्री वर्मा ने कला, संगीत, नृत्य, चित्रकला और अन्य रचनात्मक गतिविधियों के महत्व पर विशेष बल देते हुए कहा कि समाज में अक्सर इन गतिविधियों को केवल सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों के रूप में देखा जाता है, जबकि वर्तमान समय में ये उत्कृष्ट करियर विकल्प के रूप में भी उभरकर सामने आए हैं। उन्होंने कहा कि कला के विभिन्न माध्यम व्यक्ति की संवेदनशीलता, रचनात्मकता और सोच को विकसित करते हैं तथा मानसिक और सामाजिक विकास में भी महत्वपूर्ण योगदान देते हैं।

उन्होंने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि यदि किसी क्षेत्र में रुचि हो तो उसे पूरे समर्पण और ईमानदारी के साथ अपनाना चाहिए। किसी भी क्षेत्र में सफलता प्राप्त करने के लिए निरंतर अभ्यास, अनुशासन और लंबे समय तक लगातार मेहनत करने की आवश्यकता होती है।

### नगर निगम का जनकल्याण शिविर शुरू

# 22 जोन में 18 जून तक 110 सरकारी योजनाओं का लाभ

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** नगर निगम ने आम नागरिकों को एक ही स्थान पर सरकारी योजनाओं और सेवाओं का लाभ देने के लिए तीन दिवसीय जनकल्याण शिविरों की शुरुआत कर दी है। मंगलवार को महापौर पुष्यमित्र भार्गव और निगमायुक्त क्षितिज सिंघल ने जोन क्रमांक-4 संगम नगर कार्यालय में शिविर का शुभारंभ किया।

ये शिविर 16 से 18 जून तक शहर के सभी 22 जोन कार्यालयों में लगाए जाएंगे, जहां पात्र हितग्राहियों को 110 से अधिक शासकीय योजनाओं और सेवाओं की जानकारी व लाभ उपलब्ध कराया जाएगा।

नगर निगम के मुताबिक, यह शिविर शासन के निर्देशानुसार विश्व पर्यावरण दिवस (5 जून) और अंतरराष्ट्रीय योग दिवस (21 जून) के बीच आयोजित किए जा रहे हैं। इसका उद्देश्य ऐसे पात्र लोगों की पहचान करना है, जो अब तक विभिन्न



जनकल्याणकारी योजनाओं से वंचित हैं, ताकि उन्हें मौके पर ही आवेदन, पंजीयन, दस्तावेज सत्यापन और सेवा वितरण की सुविधा मिल सके। शुभारंभ कार्यक्रम में महापौर परिषद सदस्य अश्विनी शुक्ल, सचेतक कमल वाघेला, पार्षद पराग कौशल, शिवम यादव, महापौर प्रतिनिधि शैलू दवे, अपर आयुक्त नरेंद्र नाथ पांडे और जोनल अधिकारी आनंद रैदास सहित बड़ी संख्या में हितग्राही मौजूद रहे। महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 12 वर्षों की विकास यात्रा और मुख्यमंत्री के निर्देशों के तहत इन शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि शासन की योजनाओं ने जरूरतमंदों को गरीबी रेखा से ऊपर लाने का काम किया है और अब एक ही छत के नीचे इन योजनाओं का लाभ नागरिकों तक पहुंचाया जा रहा है। निगमायुक्त क्षितिज सिंघल ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि पात्र हितग्राहियों को उनकी पात्रता के अनुसार योजनाओं का लाभ दिलाया जाए और उनकी समस्याओं का त्वरित समाधान किया जाए। अपर आयुक्त नरेंद्र नाथ पांडे ने बताया कि शिविरों का आयोजन चरणबद्ध तरीके से किया जा रहा है। 16 जून को जोन 1 से 8, 17 जून को जोन 9 से 15 और 18 जून को जोन 16 से 22 तक के जोन कार्यालयों में शिविर लगाए जाएंगे।

शिविरों में अलग-अलग विभागों की 110 योजनाओं से जुड़ी जानकारी उपलब्ध कराई जाएगी। इसके साथ ही आवेदन प्रक्रिया, दस्तावेजों का सत्यापन और सेवा वितरण जैसी सुविधाएं भी एक ही जगह मिलेंगी, जिससे लोगों को अलग-अलग सरकारी दफ्तरों के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। महापौर और निगमायुक्त ने शहरवासियों से अपील की है कि वे अपने-अपने क्षेत्र में आयोजित इन शिविरों में पहुंचकर शासन की योजनाओं का लाभ लें और अपनी समस्याओं के समाधान के लिए इनका उपयोग करें।

## सब्जी मंडी में सामान लेने गए जज का आईफोन लेकर भागा चोर

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** मोबाइल चोरी की दो अलग-अलग घटनाओं में बदमाशों ने एक जज और एक वकील को निशाना बनाया। दोनों मामलों में पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। लसूडिया पुलिस के मुताबिक, निरंजनपुर सब्जी मंडी में रविवार को एक जज का आईफोन 16 चोरी हो गया। पीड़ित संजय कुमार सिंह सब्जी खरीदने के लिए मंडी पहुंचे थे। इसी दौरान भीड़ का फायदा उठाकर एक युवक ने उनकी पैंट की जेब से मोबाइल निकाल लिया। बताया जा रहा है कि मंडी में मौजूद एक महिला सब्जी विक्रेता ने आरोपी को मोबाइल चोरी कर भागते हुए देख लिया था। उसने शोर भी मचाया, लेकिन तब तक आरोपी मौके से फरार हो चुका था। मामले में जज ने ऑनलाइन ई-एफआईआर दर्ज कराई है। पुलिस अब मंडी और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाल रही है।

वहीं दूसरी घटना आजाद नगर इलाके में सामने आई। यहां सुदामा नगर निवासी वकील अनुपम सिंह ने अज्ञात बदमाशों के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। अनुपम सिंह ने पुलिस को बताया कि वह अपनी कार से पिपलियाहाना की ओर जा रहे थे। जब उनकी कार मुसाखेड़ी के निर्माणाधीन ब्रिज के पास पहुंची, तभी क्लीनर साइड से दो युवक आए और गाड़ी का कांच खटखटाते हुए एक्सीडेंट होने की बात कहने लगे।

इसी दौरान बदमाशों ने बातचीत में उलझाकर डैशबोर्ड पर रखा मोबाइल चोरी कर लिया और मौके से फरार हो गए। पुलिस का मानना है कि वारदात को 'ठक-ठक गैंग' ने अंजाम दिया है। मामले में एफआईआर दर्ज कर आरोपियों की तलाश की जा रही है।

## फिर पीने के पानी में मिला सीवरेज..., लोग बीमार





@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। दूषित पानी की समस्या एक बार फिर सामने आई है। भागीरथपुरा के बाद अब वार्ड क्रमांक 16 के महावीर नगर में दूषित पानी से 10 लोगों के बीमार होने की जानकारी सामने आई है। इलाके के रहवासी पिछले कई दिनों से गंदे और बदबूदार पानी की शिकायत कर रहे हैं।**

मामले की जानकारी मिलने के बाद नगर निगम के अधिकारी मौके पर पहुंचे। उन्होंने लोगों से चर्चा कर स्थिति का जायजा लिया और पानी की सप्लाई व बोरवेल की जांच शुरू कर दी। रहवासियों का आरोप है कि समय रहते निगम निगरानी और नियमित जांच करता तो यह स्थिति नहीं बनती। लोगों का कहना है कि दूषित पानी पीने से कई परिवारों में उल्टी, दस्त और पेट संबंधी समस्याएं सामने आ रही हैं। शुरुआती जानकारी के अनुसार इलाके के एकमात्र बोरवेल में सीवरेज का पानी मिल जाने से सप्लाई प्रभावित हुई और दूषित पानी घरों तक पहुंच गया। इससे पूरे क्षेत्र में परेशानी का माहौल है। नगर निगम अधिकारियों का कहना है कि पानी के सैंपल जांच के लिए भेजे गए हैं। समस्या के समाधान के लिए आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं। लोगों को फिलहाल उबालकर पानी पीने की सलाह दी गई है। नगर निगम और एनजीओ की टीम मौके पर पहुंची। टीम लोगों से जानकारी जुटा रही है कि कितने लोग बीमार हैं और पानी कहां से आया। महावीर नगर में स्वास्थ्य विभाग की टीम ने मोर्चा संभाल लिया है। आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा घर-घर जाकर लोगों को ओआरएस के पैकेट और आवश्यक दवाइयां वितरित की जा रही हैं। साथ ही लोगों की स्वास्थ्य संबंधी शिकायतों की जानकारी भी जुटाई जा रही है।

# चिड़ियाघर में जल्द शुरू होगा 14-डी थिएटर

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** कमला नेहरू प्राणी संग्रहालय में 14-D थिएटर तैयार होने की कगार पर है। अगले 15 से 20 दिन में इसकी शुरुआत हो सकती है। इसका काम करने वाले लोग इसकी बारीकियों और कमियों को दूर करने में लगे है।

साथ ही ट्रायल लेकर सभी चीजें चेक की जा रही है, ताकि आगे कोई परेशानी ना आए। इस थिएटर में चाइना की टेक्नोलॉजी दर्शकों को देखने को मिलेगी। यहां दर्शकों को आभासी दुनिया में असली रोमांच महसूस होगा। चिड़ियाघर प्रबंधन का दावा है



कि यह देश का पहला जू है, जहां 14-डी थिएटर तैयार किया जा रहा है। इसे उस जमीन पर विकसित किया गया है, जो खाली पड़ी थी और उपयोग में नहीं आ रही थी। पिछले साल मार्च में यहां पीपीपी मोड पर काम शुरू किया गया था।

चिड़ियाघर प्रभारी डॉ. उत्तम यादव का कहना है कि संभवतः आगामी 15 से 20 दिन में इसे शुरू किया जा सकता है। इसे तैयार करने वाले लोग इसकी बारीकियों और कमियों को दूर करने में लगे हैं। साथ ही सभी चीजों का ट्रायल भी लिया जा रहा है, ताकि आगे कोई परेशानी ना आए। ये तैयार होने के बाद यहां आने वाले दर्शकों के लिए ये भी खास आकर्षण का केंद्र होगा।

थिएटर में फिल्म दिखाए जाने के दौरान दर्शक वीआर (वर्चुअल रियलिटी) ग्लास पहनकर दृश्यों को अपने सामने घटित होता हुआ महसूस कर सकेंगे। वे वर्चुअल दुनिया को अपने आसपास सजीव रूप में अनुभव कर पाएंगे। स्क्रीन पर जो दृश्य दिखाई देगा, दर्शकों को ऐसा लगेगा मानो वे स्वयं उसका हिस्सा हों। उदाहरण के तौर पर, यदि स्क्रीन पर बादल गरजेंगे तो उसकी गड़गड़ाहट का अहसास होगा। बारिश के दृश्य के दौरान पानी की बौछारें महसूस होंगी और हवा चलने पर उसका प्रभाव भी दर्शकों तक पहुंचेगा। यदि किसी दृश्य में पहाड़ से नीचे उतरने का अनुभव दिखाया जाएगा तो सीटों की गतिविधियां भी उसी के अनुरूप होंगी। यानी स्क्रीन पर दिखने वाला हर दृश्य दर्शकों को वास्तविक अनुभव का एहसास कराएगा।

## नवविवाहिता ने मायके में फांसी लगाकर की आत्महत्या

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। आजाद नगर थाना क्षेत्र में रहने वाली एक नवविवाहिता ने अपने ही मायके में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना सोमवार रात की बताई जा रही है। सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमॉर्टम के लिए एमवाय अस्पताल भिजवाया। फिलहाल पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है।**

पुलिस के मुताबिक मनतसा (21) पत्नी मोईन खान निवासी मदीना नगर को उसके चाचा सलीम खान सोमवार शाम एमवाय अस्पताल लेकर पहुंचे थे। परिवार के लोगों ने उसे घर में फंदे पर लटका हुआ देखा था। परिजनों ने पुलिस को बताया कि मनतसा की शादी करीब छह माह पहले मोईन खान से हुई थी। मोईन मूल रूप से धार का रहने वाला है और फर्नीचर का कारोबार करता है। बताया जा रहा है कि मोईन के पिता की तबीयत खराब होने के कारण उनका इंदौर के एक निजी अस्पताल में उपचार चल रहा था। इसी वजह से पिछले करीब एक माह से मोईन और मनतसा इंदौर में ही रह रहे थे। घटना के समय परिवार के अन्य सदस्य अपने-अपने काम से बाहर गए हुए थे और मनतसा घर पर अकेली थी। इसी दौरान उसने यह कदम उठा लिया। प्रारंभिक तौर पर परिजनों को दंपति के बीच किसी बात को लेकर विवाद होने की आशंका है। हालांकि आत्महत्या के पीछे की वास्तविक वजह अभी स्पष्ट नहीं हो सकी है। पुलिस ने कहा है कि मामले की हर एंगल से जांच की जा रही है। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट और परिजनों के बयान के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# राजा की मां बोलीं-सोनम का परिवार मदद कर रहा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। बहुचर्चित राजा रघुवंशी हत्याकांड में आरोपी सोनम के मीडिया को दिए बयान के बाद राजा की मां ने सोनम के माता-पिता की भूमिका पर भी गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा कि जिस महिला ने अपने पति को दिए सात वचन पल भर में तोड़ दिए, उस पर कोर्ट या समाज कैसे भरोसा कर सकता है?**

सोनम द्वारा 'अदालत के नियमों और निर्देशों का पालन करने' की बात पर राजा की मां ने कहा कि जो औरत समाज के सामने अग्नि को साक्षी मानकर लिए गए सात वचनों को तोड़ सकती है, वह अदालत और देश के नियमों का क्या पालन करेगी। उन्होंने दोबारा से पूरे केस की सीबीआई जांच कराने की मांग की है। अदालत की कार्यवाही के दौरान सोनम के कोर्ट का पालन करने वाले बयान पर राजा की मां ने कहा कि जब वो कोर्ट का पालन करने की बात कह रही है, तो उसने अपने पति के वचनों का पालन क्यों नहीं किया?



जब उसने समाज के सामने बाकायदा सात फेरे लिए थे, तब पति का धर्म क्यों भूल गई? जब वो मेरे बेटे को इंदौर से अपने साथ लेकर गई थी, तो उसे वहीं छोड़ देती।

राजा की मां ने कहा कि उसका पूरा परिवार सोनम का साथ दे रहा है। माता-पिता और भाई पैसे पहुंचा रहे हैं। सोनम के पिता विशेष रूप से शिलॉन्ग गए थे। वहां उसकी मां ने ताबीज बनवाया और उसके बाप ने सोनम के गले में वो ताबीज बांधा है। सोनम के गले का वो ताबीज आज भी सबको साफ-साफ दिख रहा है, कोई भी देख सकता है। तंत्र-मंत्र और बाहरी ताकतों का सहारा लेकर उसे बचाने की कोशिश की जा रही है।

उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि इतने गंभीर हत्याकांड की आरोपी होने के बाद भी सोनम के पास पर्सनल महंगा मोबाइल फोन कहां से आया? उसे ये मोबाइल भी उसके घर वालों ने ही दिलाया है। घर से लगातार मोटी रकम भेजी जा रही है। वो हर दिन अपने मोबाइल से अपनी मां के साथ वीडियो कॉलिंग पर बात करती है। वो अदालत में ऐसे घूम रही है जैसे कोई मुल्जिम नहीं, बल्कि कोई बड़ी हीरोइन बनकर आई हो।' अगर उसका प्लान पहले से ही शिलॉन्ग में रहने का था, तो मेरे जवान बेटे का मर्डर करके ही वहां क्यों रहना चाहती थी? आज भी वो शिलॉन्ग में ऐश कर रही है और इंदौर आने की उसकी कोई प्लानिंग नहीं है। सोनम तो झूठी है ही, उसने हर कदम पर झूठ बोलकर इतनी बड़ी साजिश रची। एक मां से उसका बेटा छीन लिया, मेरे बच्चे का क्या कसूर था? उसे बड़ा करने में मुझे क्या-क्या झेलना पड़ा, यह सिर्फ मैं जानती हूं।

# रिटायर्ड आर्मीमैन ने लूटे 30 लाख रुपए

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

इंदौर। पंढरीनाथ क्षेत्र में 30 लाख रुपए की लूट के मामले में पुलिस ने तीन आरोपियों को हिरासत में लिया है। शुरुआती जांच में सामने आया है कि पीड़ित के यहां काम करने वाला एक रिटायर्ड आर्मीमैन कर्मचारी कथित रूप से पूरी वारदात का मास्टरमाइंड था। उसी ने अपने साथियों को रकम की आवाजाही की जानकारी देकर लूट की योजना तैयार कराई थी।

पुलिस कमिश्नर संतोष सिंह ने घटना के बाद मामले के शीघ्र खुलासे के निर्देश दिए थे। इसके बाद करीब 25 पुलिसकर्मियों की टीम आरोपियों की तलाश और तकनीकी जांच में जुटी हुई थी। पुलिस जांच में मनय उर्फ मुकेश अग्रवाल के यहां काम करने वाले कर्मचारी चंद्रशेखर मुकाती की भूमिका सामने आई। पूछताछ में उसने अपने दो साथियों प्रवीण और अमर सिंह निवासी परदेशीपुरा के नाम बताए। इसके बाद पुलिस ने देर रात दोनों संदिग्धों को भी हिरासत में ले लिया। प्रवीण उज्जैन का रहने वाला है। जबकि अमर मूल रूप से भोपाल का है उस पर करीब आधा दर्जन अपराध भी दर्ज है। लूट के बाद वह राजस्थान भाग गए थे। जिसमे चंद्रशेखर उन्हे पूरी जानकारी दे रहा था। जांच में सामने आया है कि चंद्रशेखर मुकाती रिटायर्ड आर्मीमैन है। उसने कथित रूप से पहले पीड़ित की गतिविधियों की रेकी की और यह जानकारी जुटाई कि मनय अग्रवाल कब और किस रास्ते से नकदी लेकर आते-जाते हैं। पुलिस के अनुसार इसी जानकारी के आधार पर लूट की योजना बनाई गई और वारदात को अंजाम दिया गया। पुलिस अब आरोपियों से पूछताछ कर लूटी गई रकम की बरामदगी और उसके ठिकाने के बारे में जानकारी जुटा रही है। मामले में जल्द ही पुलिस की ओर से आधिकारिक खुलासा किए जाने की संभावना है।



# पिकअप की टक्कर से बच्चे की मौत



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

इंदौर। भंवरकुआं थाना क्षेत्र में सड़क हादसे में 6 साल के बच्चे की मौत हो गई। प्रियांशु तोमर अपने पिता के साथ बाइक से जन्मदिन की पार्टी में शामिल होने जा रहा था, तभी एक तेज रफ्तार पिकअप वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। गंभीर रूप से घायल बच्चे ने अस्पताल में दम तोड़ दिया। पुलिस के अनुसार हादसा नेमावर रोड स्थित पंचमुखी हनुमान मंदिर के सामने हुआ। मृतक की पहचान प्रियांशु (6) पुत्र सचिन तोमर निवासी हम्माल कॉलोनी के रूप में हुई है। परिजनों ने बताया कि प्रियांशु सोमवार को अपने पिता के साथ बाइक से एक जन्मदिन समारोह में शामिल होने जा रहा था। इसी दौरान तेज रफ्तार पिकअप बोलेरो ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। परिजनों का आरोप है कि वाहन चालक लापरवाही से वाहन चला रहा था, जिसके कारण यह हादसा हुआ। हादसे के बाद परिजन गंभीर रूप से घायल प्रियांशु को तत्काल एक निजी अस्पताल लेकर पहुंचे। डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। भंवरकुआं थाना पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस हादसे के कारणों और वाहन चालक की भूमिका की जांच कर रही है।

# आरक्षक के विवाद में शामिल होने चलते उसकी कोई सुनवाई नहीं हो रही

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। गुलमार्ग परिसर हाउसिंग सोसाइटी में मेंटेनेंस और नई समिति को लेकर हुए विवाद के बाद पीड़ित महिला न्याय के लिए थाने से लेकर पुलिस कमिश्नर के चक्कर काट रही है, लेकिन उसी थाने में पदस्थ एक आरक्षक के विवाद में शामिल होने चलते उसकी कोई सुनवाई नहीं हो रही है। पीड़िता का आरोप है कि आरोपी खुद पुलिस विभाग में है, इसलिए कनाड़िया पुलिस उसे बचाने के लिए शिकायतकर्ताओं को ही डरा-धमका रही है, जबकि मुख्य आरोपी खुलेआम घूम रहे हैं।**

पीड़ित महिला सुलोचना शर्मा ने अपनी आपबीती बयां करते हुए कनाड़िया थाना प्रभारी की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े किए हैं। पीड़िता ने बताया कि सोमवार को वह दोबारा कनाड़िया थाने में कार्रवाई नहीं होने की शिकायत लेकर पहुंची तो टीआई ने उसे जांच का आश्वासन देकर वहां से लौटा दिया, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं की।

मामले में कनाड़िया टीआई सहर्ष यादव ने कहा कि परिसर में मेंटेनेंस और सोसाइटी की राशि को लेकर विवाद है। घटना के बाद महिला के द्वारा केस दर्ज कराया गया है। संबंधित आरक्षक पर जो आरोप लगाए गए हैं, उसकी जांच जारी है। एफआईआर के वक्त महिला ने जिनके नाम बताए थे सभी के खिलाफ केस दर्ज कर जांच की जा रही है।

सुलोचना शर्मा ने बताया कि पूरा विवाद दो सोसायटियों के बीच चल रहे हैंडओवर को लेकर है। सोसायटियों के हर महीने जमा होने वाले फंड में से करीब 15 लाख रुपए का गबन किया गया है। तीन लोगों ने मिलकर राशि डकार ली है। अब वे लोग हैंडओवर इसलिए




नहीं दे रहे हैं, क्योंकि अगर चार्ज ट्रांसफर हुआ तो यह 15 लाख का घोटाला सामने आ जाएगा। इसी घोटाले को दबाने के लिए ये लोग रहवासियों पर लगातार दबाव बना रहे हैं। इतना ही नहीं, पीड़िता ने आरोप लगाया कि इन लोगों ने नगर निगम की बेशकीमती जमीन पर भी अवैध कब्जा कर लिया है। सोसाइटी के लोगों से बिना पूछे, दबाव बनाने के लिए वहां रातों-रात मंदिर के लिए शिव जी की मूर्ति लाकर रख दी गई। महिला ने इसकी लिखित शिकायत नगर निगम में भी दर्ज कराई है।

पीड़िता सुलोचना शर्मा ने बताया कि इस पक्षपातपूर्ण कार्रवाई के कारण आज पूरी सोसाइटी में डर का माहौल है। जिन रहवासियों ने शिकायत वाले आवेदन पर हस्ताक्षर किए थे, आरोपियों द्वारा अब उन्हें भी डराया-धमकाया जा रहा है। पीड़िता ने कहा, हम पुलिस कमिश्नर और डीएसपी साहब के पास भी अपनी गुहार लेकर गए हैं। हमारी बस एक ही मांग है कि पुलिसकर्मी होने के कारण जिस नारायण जाट का नाम एफआईआर से हटाया गया है, उसका नाम वापस दर्ज किया जाए। सभी आरोपियों को जेल भेजा जाए और हमें इस खौफ के माहौल से मुक्ति दिलाकर न्याय दिया जाए।

Detective Group Report
सतर्क रहें-सजग रहें अभियान
www.detectivegroupreport.com

यदि आप साहस और निर्भीकता के साथ 'खोजी पत्रकार' के रूप में कार्य करना चाहते है... समाज में व्याप्त भ्रष्टाचार-अपराध-अव्यवस्थाओं को उजागर करना चाहते है... तो आइए हमारे समाचारपत्र/पत्रिका/न्यूज वेबपोर्टल/यूट्यूब चैनल के साथ जुड़े और 'क्राइम रिपोर्टर' के रूप में कार्य करे।

* * * * *

कृपया हमारी वेबसाइट पर जाकर रजिस्ट्रेशन करे। या अपना पूरा बॉयोडाटा हमें ई-मेल करे

www.detectivegroupreport.com
detectivegroupreport@gmail.com

(आपके सुझाव/लेख/न्यूज/ऑडियो-वीडियो/सूचना का सदैव स्वागत है)

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने वीसी से की नीट परीक्षा की तैयारियों की समीक्षा

# बेहतर प्रबंधन और कुशलता से करायें नीट की परीक्षा, कहीं भी न रहे कोई कमी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि नीट राष्ट्रीय स्तर की परीक्षा है। इसके लिए सभी तैयारियां समय से पहले पूरी कर ली जाएं। बेहतर प्रबंधन एवं कार्य कुशलता से पूरी पारदर्शिता के साथ यह परीक्षा सम्पन्न करायें। उन्होंने कहा कि परीक्षा आयोजन में किसी भी स्तर पर किसी भी प्रकार की कमी या त्रुटि न रहे। परीक्षा कराने में संलग्न सभी अधिकारी-कर्मचारी पूरी मुस्तैदी से अपने कर्तव्यों का पालन करें। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मंगलवार को मंत्रालय में नीट (अंडर ग्रेजुएट) परीक्षा-2026 की आगामी रविवार (21 जून) को होने वाली परीक्षा की तैयारियों की वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से समीक्षा की। यह परीक्षा प्रदेश के 30 जिलों के 283 परीक्षा केंद्रों में सम्पन्न कराई जाएगी। नीट परीक्षा की कुल अवधि 'सवा तीन घंटे' की होगी। इस बार सभी परीक्षार्थियों को 15 मिनट का अतिरिक्त समय दिया जाएगा।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने नीट परीक्षा के समन्वयक उच्च शिक्षा विभाग को निर्देश दिए हैं कि सभी परीक्षा केन्द्रों में लगाई जाने




वाली बायोमैट्रिक मशीन, सीसीटीवी कैमरे एवं जैमर 19 जून को ही परीक्षा केन्द्रों में लगा दिए जाएं और 20 जून को इनका ट्रायल रन भी कर लिया जाए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि 21 जून को राष्ट्रपति महोदया का जबलपुर प्रवास प्रस्तावित है। जबलपुर शहर में 24 केंद्रों में नीट परीक्षा होनी है। प्रशासनिक और पुलिस अधिकारी यातायात का ऐसा प्रबंधन करें कि सभी परीक्षार्थी बिना किसी बाधा के अपने-अपने परीक्षा केंद्रों में सुगमता से पहुंच जायें।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि चूंकि नीट परीक्षा के दिन अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के आयोजन में भी होने हैं, इन आयोजनों के कारण परीक्षार्थियों को परीक्षा केंद्र तक पहुंचने में कोई कठिनाई न हो। यातायात का बेहतर नियोजन करें। सुनिश्चित करें कि सभी परीक्षार्थी तय समय से पहले तक केन्द्रों में पहुंच जायें। किसी परीक्षार्थी को यदि सेंटर तक पहुंचने में आवागमन के साधन की परेशानी आ रही है तो प्रशासन और पुलिस अधिकारी किसी शासकीय वाहन या खुद अपने वाहन से उन्हें परीक्षा केंद्र तक पहुंचाने में सहयोग करें।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने परीक्षा केंद्रों वाले सभी 30 जिलों के कलेक्टर्स-एसपी एवं परीक्षा सम्पन्न कराने की व्यवस्थाओं से जुड़े अधिकारियों को वीसी से निर्देशित किया कि नीट परीक्षा की तैयारियों के लिए उपयोग में लाई गई एसओपी अब प्रदेश में होने वाली सभी परीक्षाओं में उपयोग में लाई जाएगी। परीक्षा केन्द्रों वाले जिलों के पुलिस कमिश्नर, कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक एवं अन्य संबंधित अधिकारियों ने वीडियो कान्फ्रेंसिंग से जुड़कर परीक्षा की अब तक की तैयारियों की जानकारी दी।

अपर मुख्य सचिव, उच्च शिक्षा एवं जनसंपर्क श्री अनुपम राजन ने परीक्षा की तैयारियों की जानकारी देते हुए बताया कि नीट परीक्षा आयोजन के लिए जिलास्तरीय समन्वय समिति का गठन कर इनकी बैठकें भी कर ली गई है। नियंत्रण कक्ष की स्थापना कर जिला नोडल अधिकारी की नियुक्ति भी कर दी गई है। प्रत्येक 3-4 परीक्षा केन्द्रों के लिए एक नोडल अधिकारी की नियुक्ति की गई है। प्रत्येक परीक्षा केन्द्र पर सहायक उपनिरीक्षक स्तर के पुलिस अधिकारी की नियुक्ति की गई है। अपर मुख्य सचिव श्री राजन ने बताया कि नीट परीक्षा आयोजन के लिए संबंधित जिलों में सेक्टर मजिस्ट्रेट एवं ड्यूटी मजिस्ट्रेट भी नियुक्त किये गये है। परीक्षा के प्रश्नपत्र प्रदेश के 5 एयरपोर्ट के जरिए पहुंच चुके है। प्रश्न पत्र एनटीए द्वारा तय किये गये 2 अधिसूचित बैंकों में सुरक्षित रखे गये हैं। परीक्षा के दिन वाहनों की व्यवस्था जिला प्रशासन द्वारा की जाएगी। इन वाहनों की जानकारी शाम तक एनटीए को दे दी जाएगी।

### ● इन जिलों में होगी नीट की परीक्षा

नीट (अंडर ग्रेजुएट) परीक्षा - 2026 मध्यप्रदेश के 30 जिलों के 283 परीक्षा केन्द्रों में होगी। यह परीक्षा इन्दौर, भोपाल, ग्वालियर, जबलपुर, रीवा, उज्जैन, सागर, छिंदवाड़ा, बैतूल, भिंड, बालाघाट, अशोकनगर, छतरपुर, रतलाम, बड़वानी, खरगौन, धार, खंडवा, नर्मदापुरम्, दमोह, दतिया, देवास, गुना, मंदसौर, मुरैना, नीमच, राजगढ़, सिंगरौली, विदिशा और सतना जिले में होगी।

## गुना के दो सगे भाइयों की राजस्थान में डूबने से मौत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**गुना, एजेंसी।** जिले के एक परिवार के लिए राजस्थान के बारां से बेहद हृदयविदारक खबर सामने आई है। बारां के छबड़ा क्षेत्र में स्थित पार्वती नदी में नहाने गए गुना निवासी दो सगे भाइयों और उनकी मां-बेटे समेत कुल चार लोगों की पानी में डूबने से दर्दनाक मौत हो गई। सभी मृतक एक शादी समारोह में शामिल होने के लिए छबड़ा के गूगौर गांव आए हुए थे। शादी वाले घर में इस सामूहिक मौत की खबर लगते ही शहनाइयों की गूंज चीख-पुकार और मातम में बदल गई। छबड़ा थाना प्रभारी राजेश खटाना से मिली जानकारी के मुताबिक, यह भीषण हादसा मंगलवार दोपहर करीब 1 बजे हुआ है। शादी की रस्मों के बीच कुछ मेहमान गर्मी से राहत पाने के लिए पास ही बहने वाली पार्वती नदी में नहाने चले गए थे। नदी में नहाने के दौरान एक युवक का पैर पानी के भीतर बिछे मछली पकड़ने के जाल में बुरी तरह फंस गया। वह खुद को संभाल नहीं पाया और गहरे पानी में डूबने लगा। अपने साथी को डूबता देख वहां मौजूद तीन अन्य लोग बिना सोचे-समझे उसे बचाने के लिए नदी में आगे बढ़े। लेकिन पानी की गहराई और नदी के बहाव के कारण वे तीनों भी खुद को नहीं बचा सके और देखते ही देखते चारों लोग नदी के गहरे पानी में समा गए। मृतकों में दो सगे भाई युनुस खान (18) पुत्र बंटी गौरी निवासी गुना मप्र, अरमान (17) पुत्र बंटी गौरी निवासी हड्डीमील गुना मप और मां-बेटे गुड्डी बाई (45) पत्नी रशीद खान निवासी छीपाबड़ौद एवं सलाम (22 ) पुत्र रशीद खान निवासी छीपाबड़ौद राजस्थान शामिल हैं।

## महामंडलेश्वर को जान से मारने की धमकी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**उज्जैन , एजेंसी।** मंगलनाथ रोड स्थित गंगाघाट श्री मौन तीर्थ पीठ के पीठाधीश्वर और निरंजनी अखाड़े के महामंडलेश्वर डॉ. सुमनानंद गिरि महाराज को एक बार फिर जान से मारने की धमकी मिली है। धमकी एक पत्र के जरिए दी गई है। इसमें उदयपुर के टेलर और दिल्ली में हाल ही में ईद के मौके पर युवक की हुई हत्या जैसा हश्र करने की धमकी दी गई है। गंगाघाट श्री मौन तीर्थ पीठ पर यह धमकी भरा पत्र सोमवार को पहुंचा। मंगलवार को जब इसे खोला गया तो पता चला कि उसमें हाथ से लिखा एक पत्र है, जिसमें महामंडलेश्वर डॉ. सुमनानंद गिरि के लिए धमकी भरे शब्द लिखे गए हैं। पत्र उत्तर प्रदेश के महू शहर से भेजा गया है। पत्र में नबी की शान में गुस्ताखी का जिक्र करते हुए जहन्नुम पहुंचाने की धमकी दी गई है। साथ ही लिखा गया है कि 'तुझे मोदी और मोहन कोई नहीं बचा सकेगा।' पत्र मिलने के बाद महामंडलेश्वर ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है।

### 190 से अधिक देशों में करोड़ों लोग योग अपना चुके हैं...

## राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम में लेंगी हिस्सा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर 21 जून को प्रदेश में सामूहिक योग कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। जबलपुर में आयोजित कार्यक्रम में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू शामिल होंगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रयासों से संयुक्त राष्ट्र ने अंतरराष्ट्रीय योग दिवस को मान्यता दी। 190 से अधिक देशों में करोड़ों लोग योग अपना चुके हैं। इस वर्ष योग दिवस की थीम स्वस्थ आयु के लिए योग रखी गई है। यह जानकारी मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कैबिनेट की बैठक से पहले मंत्रियों को दी।**

उन्होंने बीते दिनों प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में हुई नीति आयोग की गवर्निंग काउंसिल की बैठक में विकसित भारत के संकल्प



को साकार करने के लिए केंद्र और राज्यों की साझी भागीदारी, समन्वित प्रयासों तथा विकास के विभिन्न आयामों पर हुई चर्चा की जानकारी दी। साथ ही बताया कि मध्य प्रदेश में लाल सलाम को आखिरी सलाम कर दिया गया है। प्रदेश में समान नागरिक संहिता लागू करने के संबंध में नीति निर्माण के लिए जनसामान्य के सुझाव मांगे जा रहे हैं। इसके लिए अंतिम तिथि 15 से बढ़ाकर 22 जून कर दी है। मंत्रियों से उन्होंने कहा कि वे अपने-अपने प्रभार के जिलों में समान नागरिक संहिता में सुझाव देने के लिए प्रचार-प्रसार करें। बैठक में बताया गया कि मध्यप्रदेश पर्यटन विभाग को मुंबई में आयोजित प्रतिष्ठित 10वें डेसेनियल एक्जीबिशन एक्सीलेंस अवार्ड्स 2026 में उत्कृष्टता पुरस्कार प्राप्त हुआ है। वहीं, गोवा में ग्लोबल विंड डे - 2026 पर मध्य प्रदेश को उभरती नवकरणीय ऊर्जा अवसंरचना उत्कृष्टता सम्मान प्रदान किया है। प्रदेश में साइबर सुरक्षा के लिए एक साइबर सिक्योरिटी रिसर्च सेंटर स्थापित किया जाएगा। यह सेंटर केंद्रीय साइबर सुरक्षा, अनुसंधान, नवाचार और कौशल विकास के लिए महत्वपूर्ण आधार बनेगा।

## 9 पुलिस अफसर बनेंगे आईपीएस

**भोपाल, एजेंसी।** साल 2025 के लिए राज्य पुलिस सेवा के नौ अधिकारी इस वर्ष आईपीएस संवर्ग में पदोन्नत होंगे। इसके लिए 25 जून को भोपाल में डीपीसी होगी, जिसमें संघ लोक सेवा आयोग के सदस्य भी सम्मिलित होंगे। इसके लिए 1997 बैच के सीताराम, अमृत मीणा, वर्ष 1998 बैच के निमिषा पांडेय, राजेश मिश्रा, मलय जैन, अमित सक्सेना, मनीषा सोनी, सुमन गुर्जर, संदीप मिश्रा, सब्यसाची सर्राफ, समर वर्मा, सत्येंद्र सिंह तोमर समेत कुल 27 नामों को विचार में लिया गया है। राज्य प्रशासनिक सेवा से आईएएस में 13 अधिकारियों की पदोन्नति होनी है, जिसमें 2007 और 2008 बैच के अधिकारियों को विचार की परिधि में रखा गया है। हालांकि, डीपीसी की तारीख अभी तय नहीं है। डीजी विशेष पुलिस स्थापना लोकायुक्त योगेश देशमुख और मप्र भवन दिल्ली में पदस्थ एडीजी मीनाक्षी शर्मा को केंद्र में प्रतिनियुक्ति के लिए इंपैनल किया गया है। दोनों अधिकारी केंद्र में जाते हैं तो उन्हें डीजी स्तर का पद मिलेगा।

## किशोर के कूल्हे में फंस गई सुई

**देवास।** जिला अस्पताल में इलाज के दौरान एक 15 वर्षीय किशोर के कूल्हे में इंजेक्शन की सुई फंस गई। गर्दन दर्द की शिकायत के बाद किशोर को अस्पताल लाया गया था। बाद में इंदौर में ऑपरेशन कर सुई को सफलतापूर्वक निकाला गया। परिजनों के अनुसार, सोमवार को समक्ष पिता रघुवीर सोनगरा को गर्दन में दर्द के इलाज के लिए जिला अस्पताल लाया गया था। इमरजेंसी में इंजेक्शन लगाने के दौरान नीडल का करीब 4 से 5 सेंटीमीटर हिस्सा उसके कूल्हे के अंदर चला गया। अस्पताल स्टाफ और डॉक्टरों ने मौके पर सुई निकालने का प्रयास किया, लेकिन सफलता नहीं मिली।

## विधानसभा मानसून सत्र 20 जुलाई से शुरू होगा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** मध्यप्रदेश विधानसभा का पांच दिवसीय मानसून सत्र 20 जुलाई से शुरू होगा। विधानसभा सचिवालय ने मंगलवार को इसकी अधिसूचना जारी कर दी। इसमें वर्ष 2026-27 का प्रथम अनुपूरक बजट के साथ छह श्रम कानूनों को एक करने, सिंहस्थ मेला अधिनियम, कोचिंग प्रबंधन, कॉलोनाइजर एक्ट सहित अन्य संशोधन विधेयक प्रस्तुत किए जा सकते हैं। 24 जुलाई तक चलने वाले विधानसभा सत्र के लिए अशासकीय विधेयकों की सूचनाएं 24 जून तक स्वीकार की जाएंगी। अशासकीय संकल्पों की सूचनाएं नौ जुलाई, स्थगन प्रस्ताव, ध्यानाकर्षण सूचनाएं 14 जुलाई तक ली जाएंगी। सत्र में कांग्रेस राज्यसभा चुनाव के लिए रिटर्निंग ऑफिसर अरविंद शर्मा के विरुद्ध निंदा प्रस्ताव ला सकती है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार से इसकी तैयारी करने के लिए कहा है।

## संपादकीय

**परमाणु ऊर्जा क्षेत्र में नई छलांग**

# कुडनकुलम की एक और बड़ी कामयाबी

भारत के परमाणु ऊर्जा कार्यक्रम को नई गति देते हुए कुडनकुलम परमाणु ऊर्जा परियोजना की पांचवीं इकाई में रिएक्टर प्रेशर वेसल (RPV) का सफलतापूर्वक इंस्टॉलेशन कर दिया गया है। परमाणु ऊर्जा विभाग (DAE) ने इस उपलब्धि की जानकारी देते हुए इसे देश के स्वच्छ और टिकाऊ ऊर्जा मिशन की दिशा में एक अहम कदम बताया है। रिएक्टर प्रेशर वेसल किसी भी परमाणु ऊर्जा संयंत्र का प्रमुख और संवेदनशील हिस्सा होता है। इसी के भीतर रिएक्टर कोर स्थित रहता है, जहां परमाणु विखंडन की प्रक्रिया के जरिए ऊर्जा का उत्पादन किया जाता है। लगभग 320 टन वजनी इस उपकरण को अत्यधिक सटीकता के साथ तैयार किया गया और सभी सुरक्षा व गुणवत्ता मानकों का पालन करते हुए रिएक्टर भवन के भीतर स्थापित किया गया। तमिलनाडु के तिरुनेलवेली जिले में स्थित कुडनकुलम परमाणु ऊर्जा परियोजना भारत और रूस के बीच हुए अंतर-सरकारी समझौते के तहत विकसित की जा रही है। यह परियोजना दोनों देशों के तकनीकी सहयोग का एक प्रमुख उदाहरण मानी जाती है और भारत की ऊर्जा सुरक्षा को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। डीएई के अनुसार, आरपीवी की स्थापना के साथ ही पांचवीं इकाई में न्यूक्लियर स्टीम सप्लाई सिस्टम (NSSS) से जुड़े उपकरणों की स्थापना का कार्य शुरू हो जाएगा। विभाग ने कहा कि यह उपलब्धि देश में स्वच्छ, विश्वसनीय और सतत ऊर्जा उत्पादन को बढ़ावा देने के साथ-साथ 'विकसित भारत' के लक्ष्य को साकार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इससे पहले अप्रैल 2026 में परियोजना की तीसरी इकाई में 'स्पिलेज टू ओपन रिएक्टर' चरण शुरू किया गया था। इस प्रक्रिया के तहत सुरक्षा प्रणालियों और मुख्य शीतलक पाइपलाइनों की हल्के पानी से सफाई की गई, ताकि आगे की गतिविधियों के लिए सिस्टम पूरी तरह स्वच्छ और तैयार हो सके। इससे परियोजना की अन्य इकाइयों में भी निर्माण और संचालन कार्य तेजी से आगे बढ़ रहा है

**ज्ञान-विज्ञान**

## दुनिया बन जाएगी
# जलता चूल्हा
## अल नीनो से टूटेंगे तापमान बढ़ने के सारे रिकॉर्ड, UN चीफ की चेतावनी



मौसम के मोर्चे पर मौजूदा साल और 2027 में दुनिया को बड़े संकट का सामना करना पड़ सकता है। मौसम विज्ञानियों ने अपने एक नए अनुमान के आधार पर चेताते हुए कहा है कि इस साल बनने वाला अल नीनो अब तक का सबसे शक्तिशाली अल नीनो हो सकता है। यह घटना दुनियाभर में तापमान को रिकॉर्ड स्तर पर बढ़ाएगी, जिसका सीधा असर खेती-बाड़ी को नुकसान से लेकर पानी की कमी होने तक में देखने को मिलेगा।लाइव साइंस के मुताबिक, यूरोपियन सेंटर फॉर मीडियम-रेंज वेदर फोरकास्ट (ECMWF) का अनुमान है कि अल नीनो के चलते इस साल दिसंबर तक मध्य भूमध्यरेखीय प्रशांत महासागर के इलाके में समुद्री सतह का तापमान औसत से 5.4 डिग्री फारेनहाइट (3 डिग्री सेल्सियस) तक बढ़ सकता है। कुछ अनुमानों में तापमान 7.2F (4C) से ऊपर जाने की संभावना जताई गई है।

### ● अल नीनो तोड़ेगा रिकॉर्ड ?

ECMWF के अनुमान सही साबित होने का मतलब यह होगा कि इस साल का अल नीनो (प्राकृतिक जलवायु चक्र का गर्म चरण) दुनियाभर में तापमान को बहुत ज्यादा बढ़ा देगा। यह साल 2015-2016 और 1997-1998 के पिछले रिकॉर्ड-धारक अल नीनो से कहीं ज्यादा शक्तिशाली होगा। पिछली दो अल नीनो घटनाओं के दौरान 'नीनो 3.4 इंडेक्स' में तापमान औसत से 4.1F (2.3C) ऊपर चला गया था।

वॉशिंगटन पोस्ट के मौसम विज्ञानी और ग्लोबल वेदर राइटर बेन नोल ने सोशल प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा है कि अब तकरीबन हर अनुमान +3C से ऊपर जा रहा है और कुछ अनुमान तो +4C से भी ज्यादा तापमान दिखा रहे हैं। यह अनुमान अब तक के सबसे शक्तिशाली अल नीनो की ओर इशारा करता है। इसे दुनिया को निश्चित ही एक चेतावनी की तरह लेना चाहिए।

### ● अल नीनो से बढ़ रही गर्मी

अल नीनो की घटनाएं प्रशांत महासागर में अल नीनो-सदर्न ऑसिलेशन (ENSO) प्राकृतिक जलवायु चक्र के रूप में हर दो से सात साल में होती हैं। अल नीनो के दौरान मध्य और पूर्वी प्रशांत क्षेत्र में समुद्र की सतह का तापमान बढ़ता है। इससे ट्रेड विंड्स कमजोर पड़ती हैं और दुनियाभर में तापमान और बारिश के पैटर्न पर असर पड़ता है।

पृथ्वी पर पिछली अल नीनो घटना जून 2023 से अप्रैल 2024 तक चली थी। इसने पहले से ही गर्म हो रही दुनिया में और गर्मी बढ़ाई, जिससे 2024 अब तक का सबसे गर्म साल बन गया और यह पहला ऐसा साल रहा जब तापमान में बढ़ोतरी ने 1.5C (2.7F) की सीमा को पार कर लिया।

### ● यूएन चीफ ने दुनिया को चेताया

वर्ल्ड मेटियोरोलॉजिकल ऑर्गनाइजेशन (WMO) ने चेतावनी दी है कि इस क्लाइमेट पैटर्न के सितंबर से पहले बनने की संभावना 80% और नवंबर से पहले 90% है। संयुक्त राष्ट्र के महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने कहा है कि अल नीनो 90% निश्चितता के साथ आने वाले महीनों में हमारे दरवाजे पर दस्तक देने वाला है। दुनिया को इसे क्लाइमेट चेतावनी के तौर पर लेना चाहिए। गुटेरेस ने इस बात पर जोर दिया है कि यह पहले से ही खतरनाक रूप से गर्म हो रही धरती पर ज्यादा गर्मी बढ़ाएगा। उन्होंने कहा कि अल नीनो की स्थितियां गर्म होती दुनिया की आग में घी का काम करेंगी। इसके असर दूर-दूर तक फैलेंगे और बहुत तेजी से सीमाओं को पार करेंगे। ऐसे में एहतियाती कदम उठाना जरूरी है।

**अल नीनो का एकमात्र असरदार जवाब संकट के बराबर क्लाइमेट एक्शन है। यानी फॉसिल फ्यूल पर निर्भरता खत्म करना, रिन्यूएबल एनर्जी की ओर तेजी से बढ़ना, ज्यादा खतरे वाले लोगों की सुरक्षा करना और सभी के लिए अर्ली वॉर्निंग सिस्टम लागू करना जरूरी है।**

**संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस**

Maharashtra

# उद्धव की सेना फिर टूटेगी?: कई सांसदों के फोन बंद, बगावत की अटकलें तेज; संजय राउत बोले- 15-15 करोड़ दिए

**मुंबई, (एजेंसी)** तृणमूल कांग्रेस में हुई बगावत के बीच विपक्षी खेमे की एक और पार्टी शिवसेना (यूबीटी) भी एक बड़े संकट का सामना कर रहा है। सूत्रों के अनुसार, पार्टी के नौ लोकसभा सांसदों में से छह से सात सांसद सत्ताधारी शिवसेना में शामिल होने के इच्छुक हैं और राष्ट्रीय राजधानी में डेरा डाले हुए हैं। इस बीच उद्धव ठाकरे कहा है कि जो जाना चाहते हैं, खुशी से जाएं।

सूत्रों के अनुसार, यह भी पता चला है कि महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री और शिवसेना प्रमुख एकनाथ शिंदे मंगलवार देर रात दिल्ली के लिए रवाना हो रहे थे। वहीं, शिवसेना (यूबीटी) ने अपने लोकसभा सदस्यों के टूटने की संभावना को खारिज कर दिया है।



उद्धव ठाकरे नाराज चल रहे सांसदों को मनाने में जुटे पार्टी के कई सांसदों के फोन अचानक बंद जा रहे हैं और कई सांसद संपर्क से बाहर हो गए हैं। खबरों के मुताबिक, पार्टी के नौ में से छह सांसद या तो दिल्ली पहुंच गए हैं या बुधवार तक पहुंच जाएंगे। पार्टी में टूट की आशंका को देखते हुए खुद उद्धव ठाकरे और उनकी पार्टी के शीर्ष नेताओं ने कमान संभाल ली है।

उद्धव ठाकरे नाराज और संपर्क से बाहर चल रहे सांसदों से तालमेल बिठाने और उन्हें मनाने की कोशिशों में जुटे हैं। संजय राउत उद्धव के करीबी लोकसभा सांसद अरविंद सावंत और अनिल देसाई के बुधवार को दिल्ली पहुंचने की संभावना है।

New Delhi

देशभर में बदलेगा मौसम

## दिल्ली-NCR समेत कई राज्यों में आंधी-बारिश का अलर्ट, पश्चिमी विक्षोभ और मानसून सक्रिय



**नई दिल्ली, (एजेंसी)** देश के विभिन्न हिस्सों में मौसम का मिजाज एक बार फिर तेजी से बदलने वाला है। उत्तर-पश्चिम भारत में सक्रिय पश्चिमी विक्षोभ और तेजी से आगे बढ़ रहे दक्षिण-पश्चिम मानसून के प्रभाव से उत्तर, पूर्वोत्तर और दक्षिण भारत के कई राज्यों में अगले तीन-चार दिन आंधी-तूफान और गरज-चमक के साथ बारिश होने की संभावना है। इसको लेकर अलर्ट भी जारी किया गया है। राजस्थान समेत कुछ राज्यों में धूल भरी आंधी चल सकती है, जिससे जनजीवन और यातायात प्रभावित हो सकता है। हालांकि, मौसम के बदले मिजाज से भीषण गर्मी से राहत मिलेगी।

भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के अनुसार, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र और उसके आसपास के इलाकों में 21 जून तक हल्की से मध्यम बारिश, गरज-चमक और तेज हवाओं का दौर जारी रह सकता है। कुछ स्थानों पर धूलभरी आंधी चलने की भी संभावना है। मानसून अभी दिल्ली तक नहीं पहुंचा है, लेकिन प्री-मानसून गतिविधियां लगातार मजबूत हो रही हैं। हरियाणा, पंजाब, जम्मू-कश्मीर और आसपास के क्षेत्रों में गरज-चमक के साथ तेज हवाएं चलने का अनुमान है। कई स्थानों पर हवा की रफ्तार 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटा तक पहुंच सकती है। पश्चिमी राजस्थान में मौसम और अधिक उग्र रहने की संभावना है।

Mizoram

## 2 BSF जवानों को 42 साल की जेल, आदिवासी महिला संग गैंगरेप और एसिड अटैक के दोषी; 9 साल बाद आया फैसला

**मिजोरम, (एजेंसी) मिजोरम की एक जिला अदालत ने 9 साल पुराने एक मामले में ऐतिहासिक फैसला सुनाया है। अदालत ने 2017 में एक स्थानीय आदिवासी महिला के साथ सामूहिक दुष्कर्म और उस पर एसिड से हमला करने के मामले में सीमा सुरक्षा बल (BSF) के दो जवानों को कठोर कारावास की सजा सुनाई है। आइजोल की अतिरिक्त जिला और सत्र न्यायाधीश सिल्वी जोमुआनपुई राल्ते ने दोनों जवानों को गैंगरेप का दोषी करार दिया।**

मामला 2017 का है। पीड़िता 16 जुलाई 2017 को अपनी एक सहेली के साथ भारत-बांग्लादेश सीमा पर स्थित ममित जिले में गस्काटा नदी के घने जंगलों में जंगली सब्जियां इकट्ठा करने गई थी। उसी दौरान, स्थानीय बॉर्डर आउटपोस्ट (BOP) पर तैनात बीएसएफ जवान नीलांजन दास और दिनेश कुमार ने दोनों महिलाओं को घेर लिया। जवानों ने एक महिला के साथ जबरन दुष्कर्म किया। इसके बाद अपनी पहचान छिपाने और पीड़िता को अंधा बनाने के मकसद से उसके चेहरे पर एसिड फेंक दिया।

Karnataka

## इंस्टाग्राम पर हुआ प्यार, 6 महीने लिव-इन में रहे; फिर बॉयफ्रेंड ने ही घोंट दिया गला

**बेंगलुरु, (एजेंसी) बेंगलुरु से एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। यहां के मल्लेश्वरम इलाके में एक 27 वर्षीय युवक ने अपनी 20 साल की लिव-इन पार्टनर की कथित तौर पर गला घोंटकर हत्या कर दी। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। जानकारी के मुताबिक, दोनों की मुलाकात सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम के जरिए हुई थी और वे पिछले कुछ समय से साथ रह रहे थे।**

मृतका की पहचान अनुषा (20) और आरोपी की पहचान शरत (27) के रूप में हुई है। दोनों मूल रूप से हासन जिले के सकलेशपुर के रहने वाले थे। इंस्टाग्राम पर दोस्ती होने के बाद दोनों करीब आए और पिछले छह महीने से बेंगलुरु के मल्लेश्वरम इलाके में एक साथ लिव-इन



रिलेशनशिप में रह रहे थे। पुलिस के मुताबिक, शनिवार रात को दोनों के बीच किसी निजी मुद्दे को लेकर बहस हुई थी। यह बहस इतनी बढ़ गई कि शरत ने कथित तौर पर अनुषा का गला घोंट दिया, जिससे उसकी मौत हो गई। बता दें कि आरोपी शरत शहर में पानी का टैंकर चलाने का काम करता था।

खेल

# श्रीलंका ने टी20 विश्व कप में पहली बार न्यूजीलैंड को हराया, नीलाक्षिका का पचासा

**साउथैंप्टन, (एजेंसी)** श्रीलंका ने नीलाक्षिका सिल्वा के अर्धशतक की मदद से न्यूजीलैंड को महिला टी20 विश्व कप के मुकाबले में पांच विकेट से हराया। न्यूजीलैंड ने ग्रुप बी के इस मुकाबले में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला लिया। न्यूजीलैंड ने 20 ओवर में छह विकेट पर 150 रन बनाए। जवाब में श्रीलंका ने 19.4 ओवर में पांच विकेट पर 153 रन बनाकर जीत दर्ज की। श्रीलंका ने इस तरह विश्व कप में पहली बार न्यूजीलैंड को मात दी है।




लक्ष्य का पीछा करते हुए श्रीलंका की शुरुआत खराब रही और टीम ने 55 रन के स्कोर पर चार विकेट गंवा दिए थे। दरअसल, विष्मी गुणारत्ने और कप्तान चामरी अट्टापट्टू ने पहले विकेट के लिए 45 रनों की साझेदारी की, लेकिन इसके बाद टीम की बल्लेबाजी लड़खड़ा गई। फिर नीलाक्षिका और कविश्का दिलहारी ने पांचवें विकेट के लिए 49 रनों की साझेदारी कर टीम को संभाला। यह साझेदारी टूटने के बाद नीलाक्षिका और कौशानी नुथ्यांगना ने दमदार बल्लेबाजी की और टीम को आखिरी ओवर में जीत दिलाई। श्रीलंका के लिए नीलाक्षिका 37 गेंदों पर पांच चौकों और एक छक्के की मदद से 54 रन बनाकर नाबाद रहीं। वहीं, कौशानी 24 रन बनाकर नाबाद लौटीं। उनके अलावा चामरी ने 27 रनों का योगदान दिया। न्यूजीलैंड की ओर से नेंसी पटेल ने दो विकेट लिए, जबकि ब्री इलिंग को एक विकेट मिला।

न्यूजीलैंड के लिए इसाबेला गेज और जॉर्जिया प्लिमर पारी का आगाज करने उतरीं। लेकिन न्यूजीलैंड की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसे मिताली अयोध्या ने पहली सफलता दिलाई। अयोध्या ने इसाबेला गेज को पवेलियन भेजा जो चार बनाकर आउट हुईं। इसके बाद प्लिमर और अमेलिया केर ने पारी को संभालने की कोशिश की और पावरप्ले तक अन्य विकेट नहीं गिरने दिया। निमासा मीपागे ने प्लिमर को अपना शिकार बनाया जो 22 गेंदों पर दो चौकों की मदद से 18 रन बनाकर आउट हुईं।

वहीं, शानदार बल्लेबाजी कर रहीं अमेलिया केर अर्धशतक लगाने से चूक गईं और 36 गेंदों पर पांच चौकों की मदद से 45 रन बनाकर आउट हुईं। इसके बाद ब्रुक हालीडे भी सात रन बनाकर पवेलियन लौट गईं। वहीं, सोफी डिवाइन 30 गेंदों पर चार चौकों और एक छक्के की मदद से 45 रन बनाकर आउट हुईं। न्यूजीलैंड के लिए मैडी ग्रीन 18 रन बनाकर नाबाद रहीं और जेस केर भी छह रन बनाकर नाबाद पवेलियन लौटीं। श्रीलंका की ओर से कविशा दिलहारी ने दो विकेट झटके, जबकि मिताली अयोध्या, सुगंधिका कुमारी, चामरी अट्टापट्टू और निमाशा मीपेज को एक-एक विकेट मिला।

सिनेमा

## 283 बार गंजे होकर बने 'जेठालाल' के 'बापूजी', 'तारक मेहता' में बूढ़ा बनकर मिली शोहरत, जब बोले- लोग पैर छूते थे




'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' टीवी टाउन का सबसे पसंदीदा और पॉपुलर शो है। इस शो ने कई सितारों को कामयाबी की ऊंची उड़ान दी है। उन्हीं में से एक अमित भट्ट भी हैं। शो में 'बापूजी' के किरदार में उन्हें दर्शकों का हमेशा बेशुमार प्यार मिला। इस किरदार को लोगों के दिलों तक पहुंचाने के लिए उन्होंने काफी मेहनत की है। तारक मेहता शो में अमित भट्ट को लंबे समय तक गंजा दिखाया गया, लेकिन असल जिंदगी में उनके घने बाल हैं। मेकअप करने और विग पहनकर गंजा दिखने में उन्हें रोजाना 2 से ढाई घंटे का टाइम लगता था। ऐसे में उन्होंने अपना सिर मुंडवा लिया था। यूट्यूब चैनल The Moi Blog संग पुराने इंटरव्यू में उन्होंने अपने किरदार को लेकर कई खुलासे किए थे। अमित भट्ट ने कहा था- जब मैंने इस शो में काम करना शुरू किया था, तब मेरे बाल बहुत लंबे और सिल्की थे। हल्की सी हवा चलने पर भी वो उड़ने लगते थे। शूटिंग के पहले दिन, चंपकलाल जैसा दिखने के लिए मुझे विग पहननी पड़ी थी। मेरा पहला सीन वीटी (VT) स्टेशन पर शूट हुआ था। मेकअप आर्टिस्ट को विग ठीक से लगाने में लगभग ढाई घंटे का समय लगा था। उसके बाद, हमने तपती गर्मी में बाहर करीब 12 घंटे तक शूटिंग की।

## Highlights

1. 4 army personnel injured in accidental mine blast along LoC in J&K
2. Canada PM praises India after meeting PM Modi at G7 summit
3. ₹2,000 Uber fare for 80-km ride from new Noida airport sparks debate, most call it 'reasonable'
4. MPs offered ₹15 crore to switch sides: Sanjay Raut amid defection reports in Sena (UBT)
5. Maharashtra tightens norms for new RTOs amid vehicle surge
6. Fire-hit hotel's owner licence application was rejected by Delhi Police in 2022: Report
7. Delhi shopkeeper allows stray dogs inside store to escape heat

# Sundar Pichai's address, Amazon's influence, and Meta being Meta



**NEW DELHI, (Agency).** Sundar Pichai, CEO of Alphabet and Google, went to deliver the 2026 Commencement Address at Stanford University. If I am to look beyond the excitement of the speech and the official blog post that followed with the speech in its entirety, turns out Pichai faced a mass student walkout and roundly booed during Stanford University's 135th commencement ceremony at Stanford Stadium on June 14. The reason? AI.

In part, Pichai's complete avoidance of even mentioning AI during his address is the biggest hint possible—the audience is no longer buying the pitch. Secondly, Google's involvement in Project Nimbus doesn't have as many admirers as the tech giant may have hoped. The Project Nimbus is a $1.2 billion cloud computing and artificial intelligence contract with the Israeli government and military, which is believed to enable surveillance and military operations.

"I know today is about giving you all advice. But people have also been giving me a lot of advice on what to say. Actually, it's been the same advice, and it's about what not to say. People thought it would be really difficult for me; it is the last two letters of my last name, after all," Pichai said, in an attempt to diffuse the broader tension that is palpable.

CIRCULAR TATTLETALE

Something interesting happened, that defined days after Anthropic released the Fable 5 and Mythos 5 models last week, particularly calling the former "state-of-the-art on nearly all tested benchmarks of AI capability", and noting the latter is "the same underlying model as Fable 5, but with the safeguards lifted in some areas". That is when the party really started.

Amazon researchers reportedly found a way to bypass safeguards in Anthropic's Fable 5 model. There are indications Amazon has findings showing the model could be used to obtain information relevant to cyberattacks. Amazon CEO Andy Jassy reportedly dialled senior figures at the White House, raising concerns about Anthropic's new models. Soon after, Anthropic received a government directive to disable access to Fable 5 and Mythos 5—the US administration's assessment seems to be that these two models have crossed some performance threshold that none other had thus far, and therefore caution is necessary.

Of course, Anthropic isn't at best pleased. By the way, Amazon has invested roughly $8 billion in Anthropic and is its largest investor. Secondly, here's the landscape— Amazon found a jailbreak, called the White House, got a competitor shut down, and protected its own products. The questions I am asking here are, were the same standards applied to every AI model that has claimed frontier capabilities till now (and there have been many; for the sake of funding and euphoria continuity) and have all frontier models that happen to be Fable 5 and Mythos 5 competitors, been tested using the same methodology?

Anthropic, while noting immediate compliance with the export control directive, does go on to say that "we disagree that the finding of a narrow potential jailbreak should be cause for recalling a commercial model deployed to hundreds of millions of people.

# शराब पीने से मना करने पर चौकीदार ने डंडे से मंदिर के ट्रस्टी पर किए 31 वार, मौत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। इंदौर में मंदिर के ट्रस्टी की हत्या हुई है। हत्या मंदिर के चौकीदार मुकेश शर्मा ने की है। आरोप है कि बुजुर्ग ट्रस्टी ने उसे शराब पीने से मना किया था। इसके बाद आरोपी ने डंडे से मारना शुरू कर दिया। साथ ही वह अपनी जान बचाने के लिए पास के गुरुद्वारे में गए तो आरोपी ने उन्हें वहां भी मारा है।**





अन्नपूर्णा इलाके में एक पुराना मंदिर है। 70 वर्षीय कैलाश मोदी उसके ट्रस्टी थे। मंदिर के चौकीदार मुकेश शर्मा ने शराब पीने से मना करने पर हमला किया है। मोदी पहले भी उसे शराब पीने से मना कर चुके हैं। सुबह साढ़े पांच बजे उन्होंने फिर मना किया तो उसने मारने के लिए डंडा उठा लिया। आरोपी मुकेश ने कैलाश मोदी पर ताबड़तोड़ डंडे बरसाने शुरू किए। जान बचाने के लिए पास के गुरुद्वारे में भागे। आरोपी ने वहां भी पीछा किया और मारना शुरू कर दिया। आरोपी ने उनके ऊपर 31 वार किए हैं, जिसकी वजह से उनकी मौत हो गई है। गुरुद्वारे की उपाध्यक्ष दिलराज कौर छाबड़ा ने कहा कि यह घटना सुबह करीब साढ़े पांच बजे की है। मृतक कैलाश मोदी बड़ा माता मंदिर के ट्रस्टी थे। वे करीब 71 साल के थे और यहां सेवा करते थे। जिस व्यक्ति से उनका झगड़ा हुआ, उसका नाम मुकेश शर्मा है। वह नशे का आदी था। उसे कई बार बाहर निकाला गया है। अन्नपूर्णा पुलिस स्टेशन में उसके खिलाफ कई शिकायतें दर्ज हैं। वह नशे की हालत में मंदिर परिसर में आता था, तो वे उसे रोकते थे। उन्होंने कहा कि कई बार वह नशे में मंदिर के अंदर आ जाता था। इसी झगड़े की वजह से उसने आज सुबह साढ़े पांच बजे यह हरकत की है। हमने सीसीटीवी में देखा कि जो कुछ हो रहा था, उससे बचने के लिए वे बड़ा माता मंदिर से भागकर इस जगह आए और गुरुद्वारे परिसर में घुस गए। गौरतलब है कि पुलिस मामले की जांच कर रही है। वहीं, कैलाश मोदी का इंदौर में कैटरिंग का काम था। उनका एक बेटा है। पीएम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है।

# शराब की बोतल मारकर दोस्त की हत्या

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** एरोड्रम थाना क्षेत्र में मंगलवार दोपहर करीब एक बजे शराब पीने के दौरान हुए विवाद में एक युवक की उसके ही दोस्त ने हत्या कर दी। आरोपी ने शराब की बोतल और पास में रखी पानी भरने की मोटर से हमला किया। सिर में गंभीर चोट लगने के कारण युवक की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद आरोपी फरार हो गया, जिसकी तलाश में पुलिस जुटी है।



एरोड्रम थाना प्रभारी वरेन्द्र कुशवाह ने बताया कि घटना पंचवटी कॉलोनी की है। मृतक की पहचान जितेन्द्र पुत्र फूलचंद मीणा के रूप में हुई है। उसकी हत्या उसके दोस्त धमेन्द्र पंवार ने की है।

पुलिस के मुताबिक जितेन्द्र और धर्मेंद्र साथ बैठकर शराब पी रहे थे। इसी दौरान दोनों के बीच किसी बात को लेकर विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ा कि धर्मेंद्र ने पहले शराब की बोतल और फिर पास में रखी मशीन उठाकर जितेन्द्र के सिर पर हमला कर दिया। गंभीर चोट लगने से उसकी मौत हो गई। जानकारी के अनुसार जितेन्द्र एक निजी बैंक में काम करता था। उसकी पत्नी करीब सात साल पहले उसे छोड़कर चली गई थी और वह अकेला रह रहा था। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर फरार आरोपी धर्मेंद्र पंवार की तलाश शुरू कर दी है।

## किराये से रह रही युवती ने किया सुसाइड

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** खजराना में किराए से रहने वाली एक युवती ने सुसाइड कर लिया। सोमवार रात में उसका दोस्त उसे एमवाय लेकर पहुंचा था। पुलिस ने मामला जांच में लिया है। पुलिस के मुताबिक मृतका पलक (19) पुत्री अमर सिंह अहिरवार निवासी कृष्णाबाग कॉलोनी है। उसे दोस्त अमित साहू सोमवार रात एमवाय अस्पताल लेकर पहुंचा था। पलक मूल रूप से अशोक नगर गुना की रहने वाली है। यहां किराए के घर में रह रही थी। फिलहाल पुलिस के मुताबिक उसके परिजन अभी इंदौर नहीं पहुंचे हैं। उनके बयान के बाद स्थिति स्पष्ट हो पाएगी।




स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667, मो.नं. 9826044334 ■ पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक